हरिभूमि
# रत्न भूमि
रायपुर, बुधवार 30 जुलाई 2025

तापमान
अधिकतम 26.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

13 जिले में 40 से अधिक सांपों की प्रजातियां

14 मैनपुर में नागपंचमी का पर्व धूमधाम से मनाया गया




प्रवेश प्रारंभ
BCA
PGDCA DCA
B.P.Ed. B.P.E.
B.COM B.Sc(CS/IT)
PG Diploma in Yoga Edu.
AICTE एवं NCTE से मान्यता प्राप्त
(पं. र.वि.वि. रायपुर से सम्बद्ध)
नेताजी सुभाष कॉलेज बेलभाठा, अभनपुर

B.M. COLLEGE
BCA BBA
PGDCA B.Ed.
आई.टी.आई.
कोपा इलेक्ट्रिशियन
हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर
डीजल मैकेनिक
फायर टेक्नालॉजी
स्टेनो हिन्दी
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9340311314
9303893829, 9300850065

# नवापारा-राजिम में रिमझिम बारिश, जनजीवन प्रभावित, किसानों के लिए फायदेमंद

## मंगल को सावन की लगी रही झड़ी, यातायात और व्यापार पर पड़ा असर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

मंगलवार को सुबह से ही नवापारा-राजिम और आसपास के क्षेत्रों में लगातार बारिश होती रही, जिससे पूरा दिन झड़ी के रूप में बीता। इस लगातार बरसात के कारण सामान्य जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ। बारिश के इस माहौल में सड़कें सूनी दिखाई दीं और बाजार पूरी तरह से वीरान रहा। यात्री गाड़ियों में भी नाममात्र की सवारियाँ देखी गईं। काफी लंबे समय के बाद लगभग चौबीस घंटे तक झड़ी के रूप में पानी बरसता रहा, जिससे वातावरण में नमी बढ़ गई है। अधिकतर यात्री गाड़ियों के पहिए थमे रहे, और ऑटो में तो सवारी दिखी ही नहीं। नेशनल हाईवे पर भी अन्य दिनों की तुलना में गाड़ियों की आवाजाही काफी कम रही। शहर से लेकर गाँव तक के लोग अपने घरों में ही कैद होकर रह गए। अधिकतर होटल और ढाबों के शटर गिरे रहे, और सड़कों के किनारे लगने वाले रोजमर्रा के ठेले भी नज़र नहीं आए। जो लोग सड़क पर दिखे, वे रेनकोट पहनकर दुपहिया वाहनों से आते-जाते रहे। नवापारा बस स्टैंड भी एकदम सूना पड़ा रहा। आरंग रोड पर चलने वाली गाड़ियाँ यात्रियों की कमी के कारण समय से पहले ही खड़ी हो गईं। ट्रक और मेटाडोर जैसी भारी गाड़ियाँ भी, जो आमतौर पर हर पल दिखाई देती हैं, झड़ी बारिश के चलते कम ही दिखीं। रायपुर-गरियाबंद मार्ग (नेशनल हाईवे 130) पर भी गाड़ियों का दबाव कम रहा।



### किसानों के लिए फायदेमंद साबित हुई बारिश

हालांकि, इस लगातार बारिश ने सामान्य जनजीवन को प्रभावित किया, लेकिन किसानों ने इसे खेती के लिए बेहद फायदेमंद बताया है। जिन खेतों में रोपा लग चुका है, उनकी हरियाली देखते ही बन रही थी। धान के छोटे-छोटे पौधे हवाओं के झोंकों से लहलहाते हुए नजर आए, जो किसानों के लिए अच्छे फसल की उम्मीद जगा रहा है।



## विडंबना : नदी पार करते समय 8 वर्ष पहले एक छात्र की बह जाने से हो चुकी है मौत

# शिक्षा के लिए जान जोखिम में, बाकड़ी नदी पार कर विद्यालय पहुंचते हैं बच्चे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

देश को आजाद हुए 77 साल बीत चुके हैं, लेकिन गरियाबंद विकासखंड के अंतिम छोर पर बसे ग्राम जरण्डी और बोड़ापाला जैसे आदिवासी क्षेत्रों में आज भी सैकड़ों छात्र-छात्राएं जान जोखिम में डालकर शिक्षा हासिल करने के लिए नदी-नालों को पार कर स्कूल पहुँचने को मजबूर हैं। इन दिनों लगातार बारिश के चलते क्षेत्र की नदी-नाले उफान पर हैं, और पुल-पुलिया के अभाव में बच्चे पैदल ही इन खतरनाक रास्तों को तय कर रहे हैं। यह स्थिति विशेष रूप से गरियाबंद विकासखंड में स्थित विशाल बाकड़ी नदी पर देखने को मिल रही है, जहां बच्चे रोजाना स्कूल जाने के लिए नदी पार करते हैं। हालांकि, आज मंगलवार को झमाझम बारिश के कारण नदी में तेज बहाव के चलते बच्चे नदी पार नहीं कर पाए, जिससे उनकी पढ़ाई बाधित हुई।

■ कांग्रेस शासन में पुल निर्माण की स्वीकृति का ढिंढोरा, लेकिन कार्य अब तक लंबित

**लंबे समय से अधर में लटका पुल निर्माण-** यह गौरतलब है कि पिछली भूपेश बघेल सरकार के समय इस बाकड़ी नदी पर पुल निर्माण के लिए 7 करोड़ स्वीकृत होने की बात कही गई थी, और कांग्रेस नेताओं ने इस मुद्दे को खूब प्रचारित भी किया था। लेकिन, इतने समय बाद भी पुल निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं हो सका है। तहसील मुख्यालय मैनपुर से महज 15 किलोमीटर दूर जरण्डी और बोड़ापाला के दर्जन भर स्कूलों के छात्र-छात्राएं विशाल बाकड़ी नदी को ▶▶|शेष पेज 12 पर





### जिला पंचायत सदस्य संजय नेताम ने लिया जायजा

जिला पंचायत गरियाबंद के सदस्य संजय नेताम ने बाकड़ी नदी पहुँचकर हालात का जायजा लिया। स्कूल आ रहे बच्चों और छात्र-छात्राओं ने उन्हें बताया कि उन्हें प्रतिदिन इस नदी को पार कर या तैरकर स्कूल तक आना पड़ता है। ग्रामीणों को भी राशन सामग्री ले जाने में भारी दिक्कत होती है। संजय नेताम ने बताया कि इस पुल निर्माण के लिए 2022-23 के बजट में 7 करोड़ की प्रशासनिक स्वीकृति जुड़ी थी और सर्वे का कार्य भी हो चुका है, लेकिन कार्य का टेंडर अब तक नहीं हुआ है। श्री नेताम ने कहा कि क्षेत्र के बच्चे जान जोखिम में डालकर स्कूल पढ़ाई करने आ रहे हैं, और गर्भवती माताओं को भी भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि यदि जरूरत पड़ी, तो वे इस पुल निर्माण के लिए सड़क की लड़ाई भी लड़ेंगे।

# घटारानी-जतमई मार्ग पर जानलेवा ढलान, हादसों के बावजूद बेखबर विभाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा बेलर

गरियाबंद ज़िले में सड़क पर यातायात नियमों का पालन न होने और नौसिखियों के हाथों में वाहनों की स्टेयरिंग से दुर्घटनाएं आम बात हो गई हैं। लेकिन, घटारानी के ढलान मार्ग पर तो अच्छे-अच्छे अनुभवी ड्राइवर भी दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं। इसके बावजूद इस रास्ते को चालू रखा गया है, जिससे स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश है। आमजन की मांग है कि या तो सड़क को सुरक्षित बनाया जाए, या इस रास्ते पर बैरिकेड्स लगाकर प्रतिबंध लगाया जाए, ताकि हो रही दुर्घटनाओं से बचा जा सके। घटारानी से जतमई जाने के लिए जंगल से पहाड़ी काटकर बनाए गए WBM सड़क और पुलिया का निर्माण वर्ष 2016 में कराया गया था। यह रास्ता भक्तों के लिए एक शॉर्टकट के रूप में बनाया गया था, लेकिन इसके बाद शासन ने कभी पलटकर नहीं देखा। आज यह रास्ता उबड़-खाबड़ और जर्जर हो चुका है, जिससे हजारों श्रद्धालुओं का आना-जाना हो रहा है। उन्हें इस बात का अंदाजा नहीं रहता कि घटारानी का ढलान एक डेंजर पॉइंट है, और अनजाने में वे यहाँ दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं। इस निर्माण कार्य के लिए 2.40 लाख स्वीकृत हुए थे, जिसकी एजेंसी वन परिक्षेत्र अधिकारी पाण्डुका थी। आरोप है कि निर्माण कार्य बेहद घटिया था, और सड़क बनाते समय पहाड़ी कटिंग में तकनीकी निर्देशों का अभाव दिखा। इस पर ध्यान आकृष्ट कराया गया था, लेकिन जाँच को लीपा-पोती कर ▶▶|शेष पेज 12 पर



## खबर संक्षेप



### उदंती रिजर्व के जंगल में छोड़ा चीतल सांभर

**मैनपुर।** उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व के जंगल में विभिन्न प्रकार के वन्यप्राणी भारी संख्या में पाये जाते है नंदनवन से चीतल सांभर लाकर आज बड़ी संख्या में उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व के जंगल में छोड़ा गया है।

### आज विधायक इंद्रकुमार करेंगे भोलेनाथ की पूजा

**नवापारा-राजिम।** विधायक इंद्रकुमार साहू 30 जुलाई बुधवार को भाजपा कार्यकर्ताओं, समर्थकों और शिवभक्तों के साथ भगवान भोलेनाथ की पूजा-अर्चना के लिए निकलेंगे। यह जानकारी मंडल अध्यक्ष नागेंद्र वर्मा ने दी। वर्मा ने बताया कि विधायक साहू सुबह 10 बजे चंपेश्वर मंदिर पहुंचकर चंपेश्वर महादेव की पूजा करेंगे। इसके बाद, वह 11:30 बजे कुलेश्वर मंदिर पहुंचेंगे। दोपहर 12:30 बजे राजिम के बाबा गरीबनाथ महादेव मंदिर और 1 बजे कोपेश्वर महादेव के दर्शन करेंगे। अंत में, दोपहर 2 बजे गरियाबंद स्थित भुतेश्वर महादेव की पूजा-अर्चना कर प्रदेश की सुख-समृद्धि के लिए मंगल कामना करेंगे।



### श्री राजीव लोचन मंदिर में शिव महापुराण कथा प्रारंभ

**राजिम।** सावन झूला के अवसर पर मंगलवार से भगवान श्री राजीव लोचन मंदिर में सप्त दिवसीय शिव महापुराण कथा का आयोजन वेदी पूजन देव आव्हान के साथ अखंड दीप प्रज्वलित कर श्री गणेश हो गया है। मुख्य यजमान के रूप में राजेंद्र सिंह ठाकुर सपत्नीक बैठे हैं। मालूम हो कि श्री नाग पंचमी पर्व पर भगवान श्री राजीव लोचन को श्री कृष्ण के रूप में नाग देवता के साथ श्रृंगारित किया गया। राजिम के श्री राजीव लोचन मंदिर एवं कुलेश्वरनाथ महादेव मंदिर में दर्शनार्थियो की अच्छी भीड़ देखी गई। कार्यक्रम को सफल बनाने में पुरुषोत्तम मिश्रा प्रबंधक एवं सर्वराकार चंद्रभान सिंह ठाकुर ,शिव सिंह ठाकुर, श्रवण सिंह ठाकुर, रामकुमार सिंह ठाकुर, बैकुंठ सिंह ठाकुर वगैरह लगे हुए हैं।




# पंचेश्वरनाथ महादेव मंदिर में उमड़ी भक्तों की भीड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

त्रिवेणी संगम के पावन तट पर स्थित पंचेश्वरनाथ महादेव मंदिर में इन दिनों भक्तों का ताँता लगा हुआ है। श्रावण माह के चलते यहाँ श्रद्धालु बड़ी श्रद्धा और भक्ति के साथ पूजा-अर्चना कर रहे हैं। यह प्राचीन मंदिर मामा-भांजा मंदिर के नाम से भी विख्यात है। स्थानीय मान्यताओं के अनुसार, जब लक्ष्मण झूला का निर्माण नहीं हुआ था, तब शिवभक्त इसी पंचेश्वरनाथ मंदिर में पूजा करने के बाद यहीं से नदी के बीच स्थित श्री कुलेश्वरनाथ महादेव की पूजा कर लिया करते थे। आज भी पंचेश्वरनाथ महादेव की पूजा उसी श्रद्धा और भक्ति भाव से की जाती है। वर्तमान में राजिम में एक तरह से सावन उत्सव का माहौल बना हुआ है। नदी तट पर तरह-तरह की दुकानें सजी हुई हैं, जो यहाँ आने वाले भक्तों और पर्यटकों को आकर्षित कर रही हैं। भगवान श्री राजीव लोचन के दर्शन करने के साथ ही भक्तजन इस मेले का भी भरपूर आनंद ले रहे हैं। दूर-दूर से लोग प्रतिदिन राजिम की इस पावन धरा पर पहुँच रहे हैं, जिससे यहाँ का वातावरण ▶▶|शेष पेज 12 पर

# खाद की किल्लत : 1 अगस्त को चक्काजाम की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

जिले के मैनपुर विकासखंड के बम्हनीझोला, कोयबा, नागेश, साहेबिनकछार, उदंती, जांगड़ा, बरगांव क्षेत्र के किसानों और ग्रामीणों ने आज मंगलवार को बम्हनीझोला में एक बैठक आयोजित की। इस बैठक में खाद की अनुपलब्धता को लेकर किसानों में भारी आक्रोश देखने को मिला। किसानों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द खाद उपलब्ध नहीं कराई गई, तो वे 1 अगस्त, 2025 को नेशनल हाईवे 130 सी पर बम्हनीझोला में चक्काजाम करेंगे। इस संबंध में उन्होंने मैनपुर एसडीएम को एक ज्ञापन भी सौंपा है।

किसान मजदूर संघर्ष समिति उदंती सीतानदी के अध्यक्ष अर्जुन सिंह नायक, वरिष्ठ किसान नेता रूपसिंह मरकाम, कुंवरसिंह ओटी, डमरू नेताम, भुनेश्वर नागेश, मधुसिंह, डमरू यादव, डिगेश कुमार, कंवल सिंह, टिकम, बालुराम यादव, देवीसिंह यादव, प्रीतम, अमरसिंह, नीलांबर, बैजनाथ नेताम, शैलुराम, बिरबल नेताम, चैनुराम, करणसिंह, चंद्रभान, कुंजबिहारी, गोवर्धन, धनसिंह, कार्तिकराम, सुबेराम, बिशेशर, टंकेश सहित क्षेत्र के लोगों ने बताया कि खेती-किसानी का कार्य तेज गति से चल रहा है, लेकिन सरकार अब तक क्षेत्र के किसानों को पर्याप्त खाद उपलब्ध नहीं करा पाई है। रोपाई और बियासी का कार्य खाद की कमी के कारण बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। किसानों ने आरोप लगाया कि इस समस्या से कई बार स्थानीय और जिले के अधिकारियों को अवगत कराया जा चुका है, लेकिन हर बार आश्वासन के सिवा कुछ नहीं मिला। किसानों ने यह भी बताया कि खुले बाजार में अधिक दामों पर खाद आसानी से मिल रही है, जबकि शासकीय सोसायटियों से खाद गायब है, जिसको लेकर क्षेत्र के किसानों में ▶▶|शेष पेज 12 पर



### एसडीएम को सौंपा ज्ञापन, दी चक्काजाम की चेतावनी

क्षेत्र के किसानों ने मैनपुर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को ज्ञापन सौंपकर तत्काल खाद उपलब्ध कराने की मांग की है। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांग पूरी नहीं हुई, तो वे 1 अगस्त, 2025 को नेशनल हाईवे 130 सी मुख्य मार्ग बम्हनीझोला में चक्काजाम और धरना प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे, जिसकी सारी जवाबदारी शासन-प्रशासन की होगी।

## जिला कलेक्टोरेट में नो हेलमेट, नो एंट्री अभियान शुरू

# सरकारी कर्मचारियों के लिए हेलमेट और सीट बेल्ट अनिवार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

ज़िला मुख्यालय गरियाबंद में तेज बारिश के बीच भी कलेक्टोरेट परिसर के मुख्य गेट पर एक अनोखा नज़ारा देखने को मिला। ट्रैफिक पुलिस के जवान भीगते हुए डटे रहे और आने-जाने वाले अधिकारियों-कर्मचारियों को रोककर हेलमेट और सीट बेल्ट की अनिवार्यता को लेकर समझाइश देते नज़र आए। पुलिसकर्मियों ने बताया कि राज्य सरकार के निर्देश पर यह अभियान शुरू किया गया है। अब सभी सरकारी और अर्ध-सरकारी कार्यालयों में प्रवेश के लिए दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट और चारपहिया वाहन चालकों को सीट बेल्ट लगाना अनिवार्य कर दिया गया है। आज का दिन केवल समझाइश का था, लेकिन कल से बिना हेलमेट आने पर सीधे 1000 का चालान किया जाएगा।




**सख्त हुए नियम पीछे बैठने वालों को भी हेलमेट-** पुलिस के अनुसार, अब बाइक पर पीछे बैठने वाले व्यक्ति को भी हेलमेट पहनना अनिवार्य होगा। वहीं, कार से आने वाले सभी कर्मचारियों और अधिकारियों को सीट बेल्ट लगाकर आना होगायह नियम केवल चालक के लिए ही नहीं, बल्कि सभी सहयात्रियों के लिए भी लागू रहेगा।

**कार्यालय परिसर में 'नो हेलमेट, नो एंट्री' का फरमान-** प्रदेश में बढ़ते सड़क हादसों और सरकारी कर्मचारियों की दुर्घटनाओं में मृत्यु को देखते हुए सरकार ने यह सख्त निर्णय लिया है। आदेश के मुताबिक, अब कोई भी सरकारी सेवक बिना सुरक्षा उपकरणों के कार्यालय में प्रवेश नहीं कर सकेगा। दोपहिया वाहन चालक हेलमेट लगाए बिना, और चारपहिया वाहन चालक व यात्री सीट बेल्ट लगाए बिना कार्यालय गेट से भीतर नहीं जा पाएंगे। सुरक्षा गार्ड द्वारा गेट पर ही जांच की जाएगी, और नियमों के उल्लंघन पर उन्हें वापस कर दिया जाएगा।

**कर्मचारियों को देना होगा आदर्श उदाहरण-** सरकारी आदेश में स्पष्ट किया गया है कि शासन के अधिकारी-कर्मचारी स्वयं, अपने परिजनों और आम जनता की सुरक्षा के लिए ट्रैफिक नियमों के पालन में आदर्श प्रस्तुत करें। मोटरयान संशोधन अधिनियम 2019 के तहत यह पालन अनिवार्य है। प्रदेश के लगभग 4.25 लाख सरकारी कर्मचारियों को अब यह नियम मानना ही होगा। यह केवल चालान से बचने का मामला नहीं, बल्कि स्वयं की सुरक्षा और दूसरों के लिए मिसाल बनने का विषय है।



# कर्मचारी संघ परसदा द्वारा 10वीं व 12वीं के प्रतिभावान बच्चों का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

शिक्षा जीवन का आधार है और प्रत्येक बच्चों को शिक्षा का अधिकार है। इसी के तहत बच्चों को शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए समीपस्थ ग्राम परसदा के शासकीय कर्मचारियों ने एक विशेष पहल करते हुए जिम्मेदारी उठाई है कि प्रतिभावान बच्चों की आर्थिक स्थिति अच्छी न होने पर पढ़ाई में दिक्कत आ रही है तो बच्चों को शिक्षा से जोड़े रखने और पढ़ाई लिखाई की प्रक्रिया सतत क्रम से चलती रहे इस विचार से ग्राम परसदा के शासकीय कर्मचारियों ने गांव में सर्वे कर प्रतिभावान बच्चों का सूची तैयार कर सभी बच्चों के घर जाकर पढ़ाई हेतु प्रेरित कर रहे हैं। वहीं कर्मचारी संघ पढ़ाई के साथ साथ-साथ सामाजिक सहभागिता और पर्यावरण के प्रति भी के प्रति जागरूक है.इसी तारतम्य में सत्र 2024-25 ▶▶|शेष पेज 12 पर

## खबर संक्षेप



### पथेश्वरनाथ महादेव का सहस्त्रजलधाराभिषेक

**राजिम।** राजिम के वार्ड नं 14 में श्री पथेश्वरनाथ महादेव का सहस्त्रजलधाराभिषेक कर एक पेड़ मां के नाम के तहत पौधारोपण किया गया। इस कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष महेश यादव ,उपाध्यक्ष पूर्णिमा चंद्राकर, सभापति भारत यादव ,आकाश सिंह राजपूत, उत्तम निषाद ,अजय पटेल ,सुरेश पटेल ,बलराम यादव ,कुलेश्वर साहू ,गोकुल यादव ,श्रवण साहू सहित बड़ी संख्या में वार्डवासी शामिल हुए। कार्यक्रम स्थल हर हर महादेव के जयकारे से गुंजता रहा। वार्ड के लोग मानव श्रृंखला बनाकर भोलेनाथ का अभिषेक किए तथा प्रसादी वितरण किया गया।

### चंद्रशेखर बने जिला भाजपा के महामंत्री, प्रीतम उपाध्यक्ष

**राजिम।** भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंहदेव, प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय तथा भाजपा जिलाध्यक्ष अनिल चंद्राकर के अनुमोदन पर





जिला पंचायत के पूर्व सदस्य राजिम विधानसभा के वरिष्ठ नेता चंद्रशेखर साहू को महामंत्री बनाया गया है और क्षेत्र के वरिष्ठतम नेता प्रीतम सिन्हा को उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई है। प्रदेश भाजपा द्वारा हरिभूमि को प्रेषित विज्ञप्ति में बताया गया है कि आशीष शर्मा को भी जिला महामंत्री की जिम्मेदारी दी गई है। जिला उपाध्यक्ष के रूप में प्रीतम सिन्हा, गुरुनारायण तिवारी,ईश्वर साहू, केशरी ध्रुव, पदुलोचन जगत, सरिता ठाकुर, कोषाध्यक्ष अजय रोहरा तथा जिलामंत्री के रूप में सुरेंद्र सोनटेके, जगदीश यदु, नूरमती मांझी, मनीष सिन्हा, श्रुति धुवा, तृप्ति बनर्जी एवं जिला प्रवक्ता के रूप में राधेश्याम सोनवानी की नियुक्ति की गई है। नए पदाधिकारियों की नियुक्ति से पार्टी कार्यकर्ताओं में हर्ष व्याप्त है। राजिम विधानसभा एवं जिले के सभी कार्यकर्ताओं ने नए पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दी है। विधायक रोहित साहू एवं जिलाध्यक्ष अनिल चंद्राकर ने मुंह मीठा कर बधाई दी तथा पार्टी की रीति नीति को अग्रसर करने की शुभकामनाएं दी। सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को सांसद रुपकुमारी चौधरी, राजिम विधायक रोहित साहू, पूर्व सांसद व भंडार गृह निगम के अध्यक्ष चंदूलाल साहू, राज्य खाद्य आयोग के अध्यक्ष संदीप शर्मा, पूर्व सांसद चुन्नीलाल साहू,पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय, पूर्व संसदीय सचिव गोवर्धन मांझी, बिंद्रानवागढ़ के पूर्व विधायक डमरूधर पुजारी ने बधाई दी है।

### निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन 31 को

**रायपुर।** राजिम और आस-पास के क्षेत्रों के मरीजों के लिए एक बड़ी खुशखबरी है। रायपुर के सुप्रसिद्ध सुपर स्पेशलिस्ट डॉक्टर प्रो. डॉ. एके चौरसिया और सह चिकित्सक डॉ. एस. चौरसिया (एम.एस.) 31 जुलाई, गुरुवार को कुलेश्वर मेडिकल, श्यामाचरण चौक, राजिम (सरकारी अस्पताल के पास) में एक विशेष स्वास्थ्य शिविर में मरीजों का उपचार करने आ रहे हैं। यह शिविर मिरैकल्स होम्योपैथी, रायपुर द्वारा आयोजित किया जा रहा है। इस विशेष शिविर में कई जटिल और पुरानी बीमारियों का संपूर्ण समाधान किया जाएगा। इनमें प्रमुख रूप से शामिल हैं। लकवा (स्ट्रोक), गठियावात (अर्थराइटिस), न्यूरोपैथी, जोड़ों में दर्द और अकड़न। शिविर सुबह 10:30 बजे से दोपहर 4:00 बजे तक चलेगा।

### मंदिर के पास मारपीट

**महासमुंद।** सिरपुर में गंधेश्वर मंदिर के पास मारपीट करने वाले अज्ञात लोगों के खिलाफ तुमगांव थाने में जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि प्रार्थी गोपाल ध्रुव निवासी सिरपुर और उसके साथी गंधेश्वर मंदिर के पास गंगा आरती के लिए टेंट लगाए थे।

---

**तैयारी : बाजार में 20 रुपए से लेकर 200 रुपए तक की राखी उपलब्ध**

# रक्षाबंधन को लेकर सजने लगी राखियों की दुकानें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

क्षेत्र के सप्ताहिक बाजारों में भाई बहन के अमर प्रेम का प्रतीक रक्षाबंधन को लेकर बाजारों में अभी से ही राखी की दूकाने सजने लगी है। कारोबारियों ने विभिन्न प्रकार के राखियां का भंडारण कर अपनी दुकानों में राखी सजा दी है। जिसके भाई दूसरे प्रदेश में रहते हैं उनकी बहना अभी से ही राखी खरीद कर भाई को भेजने की तैयारी में जुट गई है। बाजार में 20 रुपए से लेकर 200 रुपए तक की राखी उपलब्ध है। मांग पर विशेष राखियां भी उपलब्ध कराई जा रही है। बच्चों के लिए भीम, लाइट जलने वाली घड़ी नुमा राखियां के साथ बड़ों के लिए रेशमी, डोरी वाली, डायमंड फैशनेबल राखियां ज्यादा पसंद की जा रही है। बाजार में राखी के साथ अक्षत और लाल टीका भी पैकिंग में मिल रहें हैं। महाराज गोलू शर्मा ने बताया कि इस बार रक्षाबंधन के लिए भद्रा मुक्त समय मिल रहा है। लेकिन इस बार सावन की पूर्णिमा दो दिन है, यही नहीं भद्रा भी 9 अगस्त की सुबह खत्म हो जाएगी, इसलिए राखी बाधन के लिए शुभ समय काफी मिल रही है। दरअसल पूर्णिमा तिथि की बात की जाएं, तो पूर्णिमा तिथि 8 अगस्त को दोपहर 1.24 बजे समाप्त होगी, ऐसे में सूर्योदय 9 अगस्त को उदय मिल रहा है, इसलिए 9 अगस्त दिन शनिवार को रक्षाबंधन का पर्व मनाया जाएगा। इस दिन आयुष्मान एवं सौभाग्य बांधने का शुभ मुहूर्त सुबह 5.39 बजे से दोपहर



1.24 बजे तक है। राखी के साथ साथ मिठाई की दूकाने भी सजी हुई है, जहां बहने अपने भाइयों के लिए मिठाई खरीद रही है। क्षेत्र में रक्षाबंधन के त्योहार की तैयारियां जोरों पर है, और लोग इस त्योहार को मनाने के लिए उत्साहित हैं। इस दिन बहनें अपने भाइयों की कलाई पर राखी बांधती है और उनकी लंबी उम्र, सुख समृद्धि की कामना करती है। इस त्योहार पर लोग अपने रिश्तेदारों और दोस्तों से मिलने जाते हैं, जिससे आपसी प्रेम और भाईचारा बढ़ता है।

### छात्राओं ने जवानों के लिए भेजी राखी



**राजिम।** शासकीय प्राथमिक शाला सहीस पारा, राजिम की छात्राओं ने रक्षाबंधन के पावन अवसर पर एक अनूठी पहल की है। शिक्षक जितेन्द्र साहू के मार्गदर्शन में छात्राओं ने अपने हाथों से रंग-बिरंगी और भावपूर्ण राखियां बनाईं जिसे जम्मू-कश्मीर में तैनात केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल सीआरपीएफ के जवानों के लिए डाक के माध्यम से भेजा। इस पहल का उद्देश्य देश की सीमाओं पर तैनात वीर जवानों के प्रति कृतज्ञता और सम्मान व्यक्त करना है, जो अपनी जान जोखिम में डालकर देशवासियों की सुरक्षा सुनिश्चित करते हैं। छात्राओं के मन में यह विचार तब आया जब उन्होंने महसूस किया कि देश के सैनिक, जो हर पल हमारी रक्षा के लिए सीमाओं पर डटे रहते हैं, त्योहारों के समय भी अपने परिवारों से दूर रहकर कर्तव्य निभाते हैं। रक्षाबंधन जैसे पवित्र पर्व पर उनकी कलाई सूनी न रहे, इस भावना के साथ छात्राओं ने अपने शिक्षकों के सहयोग से राखी बनाने का निर्णय लिया। इन राखियों को बनाने में छात्राओं ने अपनी रचनात्मकता और भावनाओं को समर्पित किया, ताकि प्रत्येक राखी जवानों के लिए प्रेम और शुभकामनाओं का प्रतीक बन सके। छात्राओं ने राखी निर्माण के दौरान यह कामना किया कि देश के ये वीर जवान हमेशा स्वस्थ रहें, दीर्घायु हों और उनकी बहादुरी देश की एकता और अखंडता को और मजबूत करे। स्वनिर्मित रक्षा सूत्रों को सजाने के लिए उन्होंने रंगीन धागों, मोतियों और अन्य सजावटी सामग्रियों का उपयोग किया। प्रत्येक राखी के साथ छात्राओं ने अपने हृदय से निकली शुभकामनाएं और प्रार्थनाएं भी जोड़ीं, जिसमें जवानों के साहस, समर्पण और बलिदान के प्रति उनकी गहरी कृतज्ञता झलकती है। इस कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधान पाठक रेवती देशमुख और सहायक शिक्षक नेमीचंद साहू की महत्वपूर्ण भूमिका रही। उन्होंने न केवल छात्राओं को राखी बनाने की प्रक्रिया में मार्गदर्शन प्रदान किया, बल्कि उन्हें देशभक्ति और सामाजिक जिम्मेदारी के मूल्यों को समझाने में भी सहायता की। इस पहल के माध्यम से छात्राओं में न केवल देश के प्रति प्रेम और सम्मान की भावना जागृत हुई, बल्कि उन्हें यह भी समझ में आया कि छोटे-छोटे प्रयासों से भी समाज और देश के लिए बड़ा बदलाव लाया जा सकता है। राखियों को डाक के माध्यम से जम्मू-कश्मीर में तैनात सीआरपीएफ के जवानों तक पहुंचाने की व्यवस्था की गई है। यह छोटी सी कोशिश उन जवानों के लिए एक बड़ा संदेश है, जो दिन-रात हमारी सुरक्षा के लिए तत्पर रहते हैं। इस पहल ने न केवल छात्राओं को देशभक्ति की भावना से जोड़ा, बल्कि स्कूल और समुदाय के बीच एक सकारात्मक संदेश भी प्रसारित किया। शासकीय प्राथमिक शाला सहीसपारा, राजिम की यह पहल अन्य स्कूलों और समुदायों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बन सकती है। यह दर्शाता है कि ऐसे छोटे-छोटे पहल से हम अपने देश के नायकों के प्रति अपनी कृतज्ञता और प्रेम व्यक्त कर सकते हैं।

---

## देवभोग क्षेत्र की समस्याओं के समाधान के लिए सीएम साय को सौंपा मांगपत्र



हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

गरियाबंद जिले के देवभोग विकासखण्ड क्षेत्र के विभिन्न समस्याओ के समाधान एवं मांगो को लेकर जिला पंचायत सदस्य श्रीमति नेहा सिंघल एवं क्षेत्र के भाजपा नेताओ कार्यकर्ताओं ने प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह, उप मुख्यमंत्री अरूण साव से मुलाकात किया और उन्हे कई मांगपत्र सौपे साथ ही देवभोग क्षेत्र आने का निमंत्रण दिया। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य श्रीमति नेहा सिंघल, सुशील यादव, श्रीमति अनिता उपाध्याय, महादेव यदु, महेश यादव, अर्जुन सोनी एवं भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे। जिला पंचायत सदस्य श्रीमति नेहा सिंघल ने बताया कि शासकीय हाईस्कूल बरबहाली की स्थापना 2011 में हुआ यहां विद्यार्थियो की दर्ज संख्या अधिक है इसलिए हायर सेकेण्डरी स्कूल में उन्नयन किया जाये, बेलाट नाला में पुल निर्माण कर छत्तीस गांवो के लोगो का आवागमन सुचारू किया जाये, झाखरपारा में जिला सहकारी बैंक की शाखा खोला जाये, नगर पंचायत देवभोग में फायर बिग्रेड वाहन की मांग, नया नगर पंचायत भवन, देवभोग के 13 आरोग्य मंदिरो में नलकूप खनन, मुड़ागांव पूर्व माध्यमिक शाला हाईस्कूल उन्नयन के साथ ही देशी अंग्रेजी मदिरा दुकान हटाने की मांग किया गया है और साथ में क्षेत्र के विभिन्न समस्याओ से अवगत कराते हुए नया कार्य स्वीकृत करने की मांग की गई है। मुख्यमंत्री को देवभोग आने का निमंत्रण दिया गया है।

## उपमुख्यमंत्री ने किया आशा पुस्तक का विमोचन, राजिम की शिक्षिका सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

छत्तीसगढ़ के शिक्षा जगत के लिए एक गौरवपूर्ण क्षण तब आया जब राज्य स्तरीय पुस्तक 'दिव्यांगता अधिकार, अवसर और आशा' का विमोचन उपमुख्यमंत्री अरुण साव के कर-कमलों से संपन्न हुआ। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री ने कहा कि यह पुस्तक दिव्यांगजन और उनके परिवार के लिए बहुत ही उपयोगी सिद्ध होगी। उन्होंने शिक्षकों के इस नवाचारी प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि जब भी मेरी जरूरत होगी, मैं हमेशा उनके साथ रहूंगा। साथ ही, उन्होंने पुस्तक में योगदान देने वाले सभी शिक्षकों को बधाई और शुभकामनाएं दीं। इस ऐतिहासिक और बहुपयोगी पुस्तक में राजिम के शासकीय रामबिशाल पाण्डेय उत्कृष्ट विद्यालय की शिक्षिका-व्याख्याता समीक्षा गायकवाड़ को उनके रचनात्मक एवं शोधपरक योगदान के लिए प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।



**पुस्तक की विशेषताएं और उद्देश्य-** व्याख्याता समीक्षा गायकवाड़ ने बताया कि इस पुस्तक में दिव्यांगजन से जुड़ी सभी महत्वपूर्ण जानकारियों के साथ-साथ शासन से मिलने वाली सुविधाओं, आवेदन प्रक्रिया, संपर्क सूत्रों और संसाधनों को सरल भाषा में प्रस्तुत किया गया है। पुस्तक में विशेष रूप से क्यूआर कोड्स जोड़े गए हैं, जिन्हें स्कैन करने पर छात्र वीडियो सामग्री देख सकते हैं, जो पाठ्यवस्तु को सरल और रोचक ढंग से प्रस्तुत करती है। इसके अतिरिक्त, यह पुस्तक दृष्टिबाधित बच्चों के लिए ऑडियो फॉर्मेट में भी उपलब्ध कराई गई है, ताकि वे भी समान रूप से विषयवस्तु को समझ सकें। यह संसाधन सामान्य विद्यार्थियों के साथ-साथ दिव्यांग, विशेष रूप से दृष्टिबाधित विद्यार्थियों के लिए भी अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगी।

**पुस्तक निर्माण में योगदान-** पुस्तक की प्रधान संपादक राष्ट्रपति पुरस्कृत शिक्षिका के. शारदा हैं, जबकि तकनीकी व भाषा संपादक धर्मानंद गोजे और वसुंधरा गोजे हैं। पुस्तक प्रभारी प्रीती शांडिल्य हैं, और लेखन कार्य राज्य के 33 जिलों के चुनिंदा समर्पित शिक्षकों द्वारा किया गया है। इनमें प्रमुख रूप से गरियाबंद जिले के संतोष कुमार तारक, अनिल कुमार अवस्थी, खोमन सिन्हा सहित प्रदेश भर के अन्य जिलों से के. शारदा, वसुंधरा गोजे, प्रीती शांडिल्य, धर्मानंद गोजे, चंचला चंद्रा, महेंद्र कुमार चंद्रा, मंजू पाठक, समता सोनी, अनामिका चक्रवर्ती, संतोष पटेल, सुप्रिया शर्मा, अमरदीप भोगल, बिसे लाल, परवीनबेबी दिवाकर, डॉ. कृष्णपाल राणा, ममता सिंह, हिमल्यानी सिन्हा, वीरेंद्र कुमार, पोषण मारकंडे, रजनी शर्मा, शिवकुमार बंजारे, सईदा खान, रिंकल बग्गा, लक्ष्मण बांधेकर, देवेंद्र देवांगन, कलेश्वर साहू, चानी ऐरी, संतोष कर्ष, रश्मि वर्मा, बलराम नेताम, ब्रजेश्वरी रावटे, यशवंत पटेल, श्याम सोनी, ज्योति सराफ सम्मिलित हैं। दिव्यांगजन के लाभार्थ और समावेशी शिक्षा में शिक्षिका के इस प्रयास के लिए गरियाबंद के जिला शिक्षा अधिकारी जगजीत सिंह धीर, डीएमसी शिवेश शुक्ला, एपीसी मनोज केला, एडीपीओ बुद्धविलास सिंह, एपीसी विल्सन थॉमस, विद्यालयीन प्राचार्य संजय एक्का, संकुल समन्वयक भारती नामदेव, बीएल ध्रुव, सागर शर्मा, अजयगिरी गोस्वामी, यशवंत साहू, नंदलाल साहू, कंचन शर्मा, कमल सोनकर, गोपाल देवांगन, पूजा मिश्रा, राजेश कंसारी, हेमंत तिवारी, प्रीती तिवारी, धर्मेंद्र ठाकुर, संजय कुमार सिन्हा, जितेंद्र कुमार साहू, एनएल साहू, एलके साहू, मधु गुप्ता, साक्षी जपे, सरिता साहू, नीता यादव, राकेश साहू, कैलाश साहू, जितेंद्र साहू, संदीप बनौधे सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने शुभकामनाएं दी हैं।

## बुढ़ादेव मंदिर में किया सामूहिक जलाभिषेक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा बेलर

आदिवासी ध्रुव समाज सर्कल जमाही, छुरा मार्ग पर स्थित घटारानी मुख्य द्वार के पास स्थापित बुढ़ादेव मंदिर में सावन महीने के तीसरे सोमवार को सामूहिक जलाभिषेक किया गया। सावन के हर सोमवार को यहां भक्तों की भारी भीड़ उमड़ती है और श्रद्धालु भगवान शिव का जलाभिषेक करते हैं।

समाज द्वारा आयोजित इस सामूहिक जलाभिषेक समारोह में हवन-पूजा भी की गई, जिसमें सैकड़ों शिवभक्त शामिल हुए। इस आयोजन की मुख्य अतिथि आदिवासी नेत्री शीला ठाकुर थीं। सावन महीने में, खासकर सोमवार को, बूढ़ादेव मंदिर में





भक्तों का तांता लगा रहता है। भक्त दूर-दूर से यहां भगवान शिव को जल चढ़ाने आते हैं। मंदिर में भजन-कीर्तन और महाआरती का भी आयोजन किया गया, जिससे मंदिर का वातावरण पूरी तरह से भक्तिमय हो गया। यह मंदिर न केवल धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि नवयुवाओं और घटारानी पहुंचने वाले पर्यटकों के बीच भी लोकप्रिय हो रहा है। यहां दर्शनार्थी विश्राम कर शांति प्राप्त करते हैं। इस अवसर पर तिजराम ध्रुव (अध्यक्ष), इतवारी राम ध्रुव (उपाध्यक्ष), बिरेंद्र कुमार ध्रुव (सचिव), पदुमन सिंह ध्रुव, मलेच्छु राम ध्रुव, बसंत राम, उमेश नेताम, गुलाब, आनंद, बसंत, नारायण सिंह नेताम, बीरू, शंकर सिंह, रोहित, रूपसिंह, घनश्याम ध्रुव, श्रीमती रामकुमारी ध्रुव, अनुसुइया ध्रुव, कली बाई, शीला ठाकुर (पीसीसी सदस्य) और सामाजिक कार्यकर्ता सहित आदिवासी ध्रुव गोड़ समाज सर्कल जमाही के सदस्य पूजा और जलाभिषेक में शामिल हुए।

## पुलिस ने दी नशामुक्ति व साइबर क्राइम की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

मैनपुर विकासखण्ड के दुरस्थ वनांचल ग्राम जुगाड़ पुलिस द्वारा आज शासकीय माध्यमिक विद्यालय में नशामुक्ति, साइबर क्राइम, महिला संबंधी अपराध, यातायात जागरूकता, नक्सल उन्मुलन के संबंध में जानकारी दिया गया। इस दौरान सीआरपीएफ 211वीं बटालियन द्वारा एक सराहनीय पहल करते हुए आज जुगाड़ थाना क्षेत्रें में सिविक एक्शन कार्यक्रम का सफल आयोजन किया। इस आयोजन का उद्देश्य था ग्रामीणों को मुख्य धारा से जोड़ना विभागों को हिंसा के रास्ते से हटकर सकारात्मक दिशा में प्रेषित करना स्थानीय लोगों के बीच विश्वास काम करना। कमांडेंट विजय प्रताप के मार्गदर्शन सहित सहायक कमांडेंट संतोष कुमार और जीडी बहरान सिंह के अध्यक्षता में ग्रामीणों को रेडियो, साइकिल, ट्राई साइकिल , खेल सामग्री और पढ़ाई के लिए किताब, कॉपी और पेन वितरित की गई। स्वास्थ्य शिविर का भी आयोजन हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने हिस्सा लिया। सीआरपीएफ ने युवाओं से हिंसा छोड़ मुख्यधारा से जुड़ने की अपील की। थाना प्रभारि जयसिंह ध्रुव, उपनिरीक्षण जितेन्द्र विजयवार और यदुराज ठाकुर के सहित क्षेत्र के सरपंचों के सहयोग से यह कार्यक्रम विश्वास बहाली की दिशा में मील का पत्थर साबित हुआ।



---

पेज 11 के शेष...

### शिक्षा के लिए...

तैरकर या वाहनों के ट्यूब के सहारे पार कर धवलपुर हाईस्कूल पहुँचते हैं, ताकि वे अपनी हाईस्कूल की शिक्षा प्राप्त कर सकें। यह बाकड़ी नदी आगे चलकर सिकासार जलाशय में मिलती है और काफी चौड़ी है। बारिश के पूरे चार महीने (जुलाई, अगस्त, सितंबर) यहाँ कमर तक पानी भरा रहता है, और पहाड़ी इलाकों से आने वाले पानी के कारण यह नदी अचानक उफान पर आ जाती है। लगभग नौ साल पहले इसी बाकड़ी नदी को पार करते समय ग्राम जरण्डी-बोड़ापाला की एक छात्रा की बाढ़ में ट्यूब पलट जाने से मौत हो गई थी। उस समय मंत्री, विधायक, सांसद, कलेक्टर और उच्च अधिकारियों ने यहाँ पहुँचकर पुल निर्माण का आश्वासन दिया था, लेकिन आज तक पुल का निर्माण नहीं हुआ है। इसके परिणामस्वरूप, बोड़ापाला और जरण्डी क्षेत्र के ग्रामीण व स्कूली छात्र आज भी जान जोखिम में डालकर इस नदी को पार करने को मजबूर हैं।

**हाथी प्रभावित क्षेत्र और अन्य मुश्किलें-** यह क्षेत्र हाथी प्रभावित भी है, और जंगली हाथियों का इस क्षेत्र में डेरा डालना आम बात है, जिससे ग्रामीणों की मुश्किलें और बढ़ जाती हैं। जंगलधवलपुर के पूर्व सरपंच कन्हैया ठाकुर, गुजरात सिंह कपिल, हबीब मेमन, केदारसिंह दाउ, चंदा बारले, लखनगिरी गोस्वामी, नितेश साहू और क्षेत्र के अन्य ग्रामीणों ने बताया कि यह इस क्षेत्र की सबसे बड़ी नदी है। बारिश के दिनों में यहाँ कमर तक पानी चलता है, और स्कूली छात्र ट्यूब के सहारे या तैरकर स्कूल पहुँचते हैं, जिससे हमेशा दुर्घटना का अंदेशा बना रहता है।

**गर्भवती महिलाओं को भी भारी परेशानी-** जरण्डी, बोड़ापाला सहित इस क्षेत्र के कई गाँवों के ग्रामीणों को राशन सामग्री लाने-ले जाने में भारी परेशानी होती है। लेकिन, सबसे ज्यादा दिक्कत गर्भवती महिलाओं को होती है, जिन्हें खाट के माध्यम से इस नदी को पार कराकर अस्पताल तक पहुँचाया जाता है। ग्रामीणों ने बताया कि जरण्डी और बोड़ापाला क्षेत्र से लगभग 15 से 20 छात्र हाईस्कूल व कॉलेज की पढ़ाई करने के लिए नदी पार कर आते हैं।

### घटारानी-जतमई...

खत्म कर दिया गया। इसी निर्माण कार्य में घटारानी पहुँचने के लिए एकदम सीधा ढलान बना दिया गया है, जो आज आपदाओं का बड़ा कारण साबित हो रहा है, जिसका खामियाजा श्रद्धालु अब तक भुगत रहे हैं।

**चट्टानें बनीं हादसों का सबब, कई मौतें और चोटें-** इस ढलान में अब भी उभरी हुई चट्टानें हादसों का कारण बन रही हैं। पिछले साल एक ट्रैक्टर ढलान से उतरते समय अनियंत्रित होकर खाई में गिर गया था, जिसमें एक युवती की मौके पर ही मौत हो गई, और एक गंभीर रूप से अपाहिज हो गया। दो बार बसें भी इसी ढलान से अनियंत्रित होकर पलट चुकी हैं, जिससे बसें क्षतिग्रस्त हुईं और कुछ यात्रियों को चोटें भी आईं। इसके बाद से इस ढलान पर छोटे-मोटे हादसे आम बात हो गए हैं। अभी हाल ही में 28 जुलाई को तुमगांव खट्टीडिही के बोलबम यात्री जल चढ़ाकर घटारानी पहुंचने के लिए इसी ढलान वाले रास्ते से ट्रैक्टर से आ रहे थे कि अनियंत्रित होकर खाई की चट्टान में इंजन और ट्रॉली पलट गई। इसमें सभी बाल-बाल बचे, लेकिन कुछ को चोटें आईं।

**वन विभाग की उदासीनता पर सवाल-** सवाल यह है कि इतने हादसों और मौतों के बाद भी वन विभाग छत्तीसगढ़ शासन को और कितने हादसों व मौतों का इंतजार है। यह क्षेत्र वन विभाग के अंतर्गत आता है, इसलिए अन्य विभाग इसमें हाथ नहीं डालते हैं। लोगों द्वारा वन विभाग को ही इन हादसों का जिम्मेदार ठहराया जा रहा है, और उनकी मनमानी को लेकर लोग मुखर हो रहे हैं। विभाग ने कभी इन समस्याओं को संज्ञान में नहीं लिया, जिससे लोगों में भारी आक्रोश है। पिछले साल श्रद्धालुओं की परेशानी को देखते हुए स्थानीय घटारानी समिति ने मुरूम डालकर कुछ सुधार किया था, लेकिन इस साल पानी के कटाव में बह जाने से यह फिर से जानलेवा ढलान सड़क बन गया है। इस संबंध में वन मंडल अधिकारी गरियाबंद लक्ष्मण सिंग और वन परिक्षेत्र अधिकारी पाण्डुका संतोष चौहान से मोबाइल पर संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन संपर्क नहीं हो सका। यदि जिला शासन-प्रशासन समय पर सुधार नहीं करता है, तो यह कभी भी एक बड़ी दुर्घटना को आमंत्रण देने के बराबर होगा। ऐसा प्रतीत होता है कि वन विभाग एक और घटना का इंतजार कर रहा है। वहीं, वरिष्ठ जनप्रतिनिधियों से भी यह अपेक्षा की जा रही है कि वे इस मामले को संज्ञान में लेकर हो रही घटनाओं पर अंकुश लगाएं।

### पंचेश्वरनाथ महादेव...

और भी भक्तिमय और जीवंत हो गया है। यह उत्सव धार्मिक आस्था के साथ-साथ स्थानीय संस्कृति और व्यापार को भी बढ़ावा दे रहा है, जिससे राजिम की पहचान एक महत्वपूर्ण धार्मिक और पर्यटन स्थल के रूप में और मजबूत हो रही है।

### खाद की किल्लत...

भारी नाराजगी है। उनका कहना है कि सहकारी समिति कोयबा बम्हनीझोला में अभी तक किसानों को पर्याप्त खाद नहीं मिला है। कई किसानों का परमिट भी कट चुका है और उन्होंने नगद भुगतान भी कर दिया है, लेकिन खाद न मिलने के कारण खेती का काम रुक गया है।

**खाद उपलब्ध कराएंगे-** इस संबंध में मैनपुर एसडीएम तुलसीदास मरकाम से चर्चा करने पर उन्होंने बताया कि किसानों ने खाद की मांग की है और 1 अगस्त को चक्काजाम करने की बात कही है। श्री मरकाम ने आश्वस्त किया कि कल ही किसानों को खाद उपलब्ध करा दी जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि पूर्व में भी लगातार खाद उपलब्ध कराई गई थी।

### कर्मचारी संघ परसदा...

में शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला परसदा के दसवीं में प्रथम मीनाक्षी यादव 91% एवं बारहवीं में डीकेश्वरी साहू 84.2% प्रथम स्थान लाने वाले दोनों छात्राओं को मोमेंटो एवं 500 पाँच सौ रुपए नगद राशि भेंटकर उनका सम्मान किया गया.पूरन लाल साहू व्याख्याता ने बताया कि कोरोना काल में कर्मचारी संघ द्वारा मास्क सैनिटाइजर, आर्थिक सहयोग के साथ साथ खाद्य सामग्री भी जरूरत मंद लोगों को वितरण किए थे. वहीं वृक्षारोपण, रचनात्मक कार्य के साथ साथ धार्मिक कार्यों में भी सहयोग प्रदान करते है. प्रतिभाशाली बच्चों को सहयोग प्रदान करने वाले रेल्वे विभाग से भुनेश्वर तारक, देवनाथ साहू, चंद्रपाल साहू, पुलिस विभाग होरी लाल बारले, फूड इंस्पेक्टर सचिन घृतलहरे, शिक्षा विभाग पूरन लाल साहू, दुष्यंत वर्मा, सूखेन साहू, प्रवीण वर्मा, विजय साहू, उकेश तारक, कमलनारायण साहू, अशोक खुटियारे,टीकाराम साहू,ओमप्रकाश साहू शामिल हैं. ये सभी कर्मचारी ग्राम परसदा से हैं जो बच्चों के घर जाकर पालक संपर्क करते हैं और जो बच्चे विद्यालय छोड़ चुके हैं उन्हे भी पढ़ाई के प्रति प्रेरित कर रहे हैं. आगे कर्मचारी संघ ने बताया कि जो गरीब एवं प्रतिभावान बच्चे हैं एवं जिनकी आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है उनकी मदद कर एक आदर्श प्रस्तुत किए हैं और शिक्षा के प्रति लोगों के विचार में सकारात्मक बदलाव आया है.इस अवसर पर यशवंत वर्मा, धनऊ ध्रुव, नेमीचंद साहू, डिगेश्वरी वर्मा, उमेश्वरी साहू, खुमन साहू, रवि साहू, धनंजय साहू उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप



### कलश यात्रा के साथ श्रीमद् भागवत का हुआ शुभारंभ

छुरा। दीनदयाल उपाध्याय नगर में 28 जुलाई से 4 अगस्त तक श्रीमद् भागवत ज्ञान सप्ताह का भव्य आयोजन किया गया है। इस पवित्र कथा का आयोजन स्वर्गीय श्रीमती मीरा मिश्रा की वार्षिक श्राद्ध के अवसर पर किया जा रहा है। व्यास पीठ पर पंडित घनश्याम द्विवेदी (पुरानी बस्ती कोतमा, अनूपपुर, मध्य प्रदेश) विराजित होकर भक्तों को कथा का श्रवण कराएंगे। श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन बालमुकुंद मिश्रा एवं अभिषेक मिश्रा परिवार द्वारा किया जा रहा है।

**कथा का कार्यक्रम-** 28 जुलाईः श्रीमद् कथा का भव्य शुभारंभ कलश यात्रा के साथ हुआ।

**29 जुलाईः** शुकदेव जन्म और परीक्षित जन्म की कथा सुनाई जाएगी।

**30 जुलाईः** सती चरित्र और ध्रुव चरित्र की कथा का वर्णन होगा।

31 जुलाईः श्री राम कथा और श्री कृष्ण जन्माष्टमी का प्रसंग सुनाया जाएगा।

**1 अगस्तः** कृष्ण लीला और गोवर्धन पूजा का विस्तृत वर्णन होगा।

2 अगस्तः महारास और सुखमणि विवाह का आयोजन।

3 अगस्तः सुदामा चरित्र और परीक्षित मोक्ष की कथा।

**4 अगस्तः** हवन पूर्णाहूति के साथ कथा का समापन।

इसके पश्चात, 5 अगस्त को वार्षिक श्राद्ध विप्र भवन, समता कॉलोनी, रायपुर में संपन्न होगा।

यह आयोजन क्षेत्र में भक्ति और अध्यात्म का माहौल बना रहा है, जिससे बड़ी संख्या में श्रद्धालु कथा श्रवण का लाभ ले रहे हैं।

### पटपरपाली में महिलाओं ने मनाया सावन महोत्सव

**पटपरपाली (कोमाखान)।** ग्राम पंचायत पटपरपाली सरपंच लता कमलेश टांडेय द्वारा पंचायत परिसर में पवित्र श्रावण मास के अवसर पर सोमवार को सावन महोत्सव का आयोजन उत्साह और रंगारंग अंदाज में किया गया। इस आयोजन में पंचायत की सभी महिला पंचगण, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं विद्यालय की शिक्षिकाओं ने भाग लिया और विभिन्न धार्मिक, सांस्कृतिक एवं मनोरंजक गतिविधियों का भरपूर आनंद लिया। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान शिव चालीसा पाठ, दीप प्रज्वलन और बेलपत्र, पुष्पांजलि अर्पण के साथ हुई, जिसके बाद सावन के गीतों पर नृत्य और संगीत की प्रस्तुति ने सभी को भाव-विभोर कर दिया। महिलाओं ने पारंपरिक भारतीय परिधानों में सजधजकर हरियाली और प्रकृति के सौंदर्य को जीवंत कर दिया। सावन मास शिव-पार्वती के दिव्य मिलन का प्रतीक माना जाता है और यह आयोजन भी उसी भावना के अनुरूप रहा।

रिमझिम बारिश के मौसम के बावजूद महिलाओं ने पूरे विधि-विधान से पूजन किया। इस आयोजन में विशेष रूप से आंगनबाड़ी कार्यकर्ता गमला यादव व मीना साहू के साथ ही ग्रामवासियों का भी पूरा सहयोग मिला। पूजन के बाद प्रसाद का वितरण भी किया गया।

**नागपंचमी विशेष : प्रदेश में सरीसृपों की विविधता, 75 प्रजातियों में 40 प्रकार के सांप शामिल**

# जिले में 40 से अधिक सांपों की प्रजातियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

छत्तीसगढ़ के बीहड़ घने जंगल एवं आदिवासी बहुल्य गरियाबंद जिले में सर्पो के 40 से अधिक प्रजातियां दर्ज की गई है इसमें से कई सर्प अत्यंत विशैले है जबकि कुछ बेहद दुर्लभ और पूरी तरह विशहीन। यहां पूर्व में किये गये सर्प के सर्वे न सिर्फ जिले के जैव विविधता को रेखांकित करता है बल्कि यह क्षेत्र में वन्यप्राणी संरक्षण की अहमियत को भी सामने लाता है। सर्वेक्षण में यह बात सामने आयी है कि किंग कोबरा जैसी सबसे बड़ी प्रजातियां यहां नही पायी गई है लेकिन इससे भी अत्यंत जहरीले सर्प यहां मौजूद है। सर्प प्रकृति के कुछ बेहद खूबसूरत और आवश्यक संरचना मे से एक है लेकिन इनसे जुड़ी किस्से कहानियों के कारण सदियों से लोगों का इनसे डरना स्वाभाविक हो गया है, इसके विपरीत हमारे आसपास रहने वाले कई प्रजाति विश्हीन होते हैं और उनसे मानव जीवन को किसी भी प्रकार की हानि नहीं होती , आइए सपोंर् के बारे में कुछ अहम तथ्य हम जाने। पिछले 15–16 वर्षो से जहरीले व अन्य प्रकार के सर्प को घरो से पकडकर जंगल तक सुरक्षित छोडने का कार्य करने वाली नोवा नेचर वेलफेयर सोसाईटी के अध्यक्ष एम सुरज कुमार ने हरिभूमि से चर्चा करते हुए बताया कि पुरे छत्तीसगढ प्रदेश के 06 अलग अलग जिलों गरियाबंद, दुर्ग, रायपुर,कवर्धा, बीजापुर, राजनांदगांव में हमारें नोवा नेचर वेलफेयर सोसाईटी द्वारा पिछले 13–14 वर्षो से सर्प बचाने का कार्य कर रही है और इस कार्य में 24 घंटा लगभग 50 से 60 लोग लगे हुए है, उन्होने आगे बताया सभी सर्प वन्य प्राणी संरक्षण अधिनियम 1972 के तहत संरक्षित है, और इसकी जानकारी वन विभाग को देने के बाद सर्पो को पकडकर सुरक्षित रहवास में छोडा जाता है, हमारें संस्था द्वारा अभी तक लगभग 25 हजार से अधिक सर्प को नागरिको के घरों से पकडकर जंगल में सुरक्षित छोडने का कार्य किया है। अध्यक्ष एम सुरज कुमार ने बताया उनके द्वारा अकेले लगभग 10 हजार से ज्यादा सर्प पकडे जा चुके है, वर्ष 2004 से संस्था का गठन किया गया है, और एक वर्ष पहले तक पुरे छत्तीसगढ प्रदेश मे 32 प्रजाति के सापं पाए जाते थे, श्री सूरज ने बताया कि पुरे छत्तीसगढ प्रदेश में 75 प्रजाति के सरीसृप मिले है जिसके लिए एक पुस्तक भी बनाया गया है इसमें 40 प्रजाति के सर्प पाये गये है ऑर्नेट फ्लाइंग स्नेक, वाईन स्नेक, सा स्केल्ड वाइपर, किंग कोबरा बेहद कम मिलने वाले और दुर्लभ सर्प, किंग कोबरा के संरक्षण में काम चल रहा है मध्यभारत में छत्तीसगढ का कोरबा एक ऐसा जिला है जंहा किंग कोबरा मिलता है इनके संरक्षण के लिए संस्था वन विभाग के साथ मिलकर काम कर रही है, उन्होने आगे बताया कि सबसे विशैले सर्प स्पेक्टेक्ल्ड कोबरा ( भारतीय नागं) कॉमन करैत ( सामान्य करैत) रसल वाइपर ( जुडा महामंडल) इनको छोडकर और भी विशैले सर्प है जैसे अहीराज, किंग कोबरा लेकिन इनके कोई बाइट कैस अब तक नही आए है।



### उड़ने वाला दुर्लभ सांप भी उदंती में पाया जाता है

गरियाबंद जिले के उदंती के जंगलो में बेहद दुर्लभ प्रजाति के कुछ सांप जैसे ओरनेट फ्लाइंग स्नके अपने शरीर को चपटा कर एक पेड से दुसरे पेड तक ग्लाइड करते है कई बार देखा गया है कि वो 50–100 मीटर तक ग्लाइड कर सकते है यह सांप बेहद दुर्लभ होता है और उदंती सीतानदी टाईगर रिजर्व में बडी संख्या में पाये जाते है। उन्होने बताया क्षेत्र में सामान्य कोबरा, सामान्य करैत, धमना, डोडिया, हरा डोडिया, पठेर, चित्ती, टहिराज, जाड़ा, पोकोजाड़ा, शारूनाग, जुड़महमंडल, अहिराज, अजगर, पिरपिटी, लता, अंधा, चिंगराज, काले सर वाला व अनेक प्रजाति के सांप पाये जाते है।

### उदंती सीतानदी टाईगर रिजर्व में 35 प्रकार के सर्प मिले है

गरियाबंद जिले के उदंती सीतानदी टाईगर रिजर्व के जंगल में 35 प्रकार के जहरीले सर्प मिले है यहा सबसे ज्यादा नागराज का बसेरा है, श्री एम सुरज ने बताया कि सांपों से जुडी कई भ्रातियॉ जैसे बदला लेना, मंणी धारण करना, पुछ से मारना, दुध पीना जैसी बाते बिलकुल गलत है, और इन जीवों का हमारे परिस्थितिक तंत्र मे महत्वपूर्ण योगदान होता है, उन्होने बताया कि गरियाबंद जिले में हर साल 400 से अधिक सापों का लोगो के घरो से बारिश के चार माह में रेस्क्यू कर उन्हे सुरक्षित जंगल तक छोड दिया जाता है, और हमारें संस्था के लोग लगातार इस कार्य में लगे है, श्री सुरज ने बताय कि गरियाबंद जिले के पहाडी जंगलो में खासकर नाग सांप की अधिकता बहुत है, उंदती के घने जंगलो में बडे बडे नाग, उन्होने स्वंय देखा है, और अपने कैमरे में कैद किया है, मैनपुर नगर सहित आसपास के ग्रामो में विशालकाय बडे बडे नागों को पडकर जंगल तक छोडा गया है, मैनपुर के जंगलो में नाग संर्प बडी संख्या में पाये जाते है।

## प्रधान पाठक नंद कुमार 'एपीजे अब्दुल कलाम ज्ञान श्री सम्मान' से सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

शासकीय प्राथमिक शाला सिंधौरी के प्रधान पाठक, नंद कुमार सिन्हा को शिक्षा के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रतिष्ठित एपीजे अब्दुल कलाम ज्ञान श्री सम्मान से नवाज़ा गया है। यह सम्मान 27 जुलाई को पूर्व राष्ट्रपति डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम आज़ाद की पुण्यतिथि पर आयोजित एपीजे अब्दुल कलाम सुनहरी यादें कार्यक्रम के तहत प्रदान किया गया। नंद कुमार सिन्हा विगत कई वर्षों से शिक्षा में सतत नवाचार कर रहे हैं। उनके प्रयासों से सत्र 2022 से 2025 तक उनके विद्यालय के कई विद्यार्थियों का एकलव्य एवं नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा में चयन हुआ है। हाल ही में, विद्यालय की एक छात्रा ने एकलव्य परीक्षा में पूरे जिले में प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया है, जो उनकी शिक्षण पद्धति और लगन का प्रमाण है। श्री सिन्हा के प्रयासों से विद्यालय परिसर में हरा-भरा वातावरण, आकर्षक दीवार चित्रण और शिक्षण के अनुकूल माहौल निर्मित हुआ है, जिससे विद्यालय में नामांकन दर में भी उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है। वे ग्रीष्मावकाश के दौरान समर क्लास का आयोजन कर बच्चों को चित्रकारी, खिलौना निर्माण, नृत्य गायन जैसी रचनात्मक गतिविधियों से जोड़ते हैं। इसके अलावा, वे बच्चों को बैंक और पोस्ट ऑफिस भ्रमण जैसे आयोजनों से भी परिचित कराते हैं, और इन सभी गतिविधियों का संचालन वे स्व-वित्तपोषित रूप से करते हैं।



### बहुमुखी प्रतिभा के धनी और पूर्व में भी सम्मानित

नंद कुमार सिन्हा सिर्फ शिक्षा के क्षेत्र में ही नहीं, बल्कि मंच संचालन और कविता लेखन में भी कुशल हैं। इन्हीं गुणों और उनके समर्पण के चलते उन्हें पूर्व में दो बार मुख्यमंत्री अलंकरण से भी सम्मानित किया जा चुका है। उनकी इस उपलब्धि पर क्षेत्रवासियों ने गहरी प्रसन्नता व्यक्त की है। उन्हें बधाई देने वालों में खंड शिक्षा अधिकारी जोशी, सहायक खंड शिक्षा अधिकारी हेमंत साहू, कर्मचारी नेता डोमार सिन्हा, प्रधान पाठक प्रभात यादव, पत्रकार गोरे लाल सिन्हा, सिन्हा समाज के जिलाध्यक्ष अवध राम सिन्हा, सचिव संजय सिन्हा, दुकानदार संघ से दिनेश सिन्हा व श्रेयस चंदन सिन्हा, नगर अध्यक्ष रूपनारायण साहू, राज्यपाल सम्मान प्राप्त शिक्षक भागचंद चतुर्वेदी, खेलन साहू, नीरज साहू, संकुल प्राचार्य एल. अग्रवाल, मैडम गोलछा, सर गणेश राम कुम्हार सहित अन्य कई लोग शामिल हैं। नंद कुमार सिन्हा का यह सम्मान निश्चित रूप से शिक्षा के क्षेत्र में और अधिक उत्कृष्ट कार्य करने के लिए दूसरों को प्रेरित करेगा।

## जिले में कौशल तिहार का सफल आयोजन युवाओं को मिला हुनर निखारने का मंच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

कौशल विकास विभाग गरियाबंद द्वारा जिले के युवाओं को हुनरमंद बनाने और उन्हें रोजगार के लिए सक्षम करने के उद्देश्य से कौशल तिहार 2025 का आयोजन 28 और 29 जुलाई को लाइवलीहुड कॉलेज, गरियाबंद में किया गया। इस दो दिवसीय कार्यक्रम में विभिन्न कौशल आधारित प्रतियोगिताएं, जागरूकता सत्र, प्रशिक्षण वर्कशॉप, और कैरियर मार्गदर्शन सत्र आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम के माध्यम से युवाओं को भारत सरकार की "इंडिया स्किल्स 2025" की राज्य स्तरीय एवं राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के लिए तैयारी का मंच भी प्राप्त होगा। प्रतियोगिता में जिले भर से आए युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपने-अपने तकनीकी व व्यावसायिक कौशल का प्रदर्शन किया।

कौशल तिहार 2025 के अंतर्गत जिला स्तरीय कौशल प्रतियोगिता एवं पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि रूप में उपस्थित राजिम विधायक रोहित साहू ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि कौशल तिहार जैसे आयोजन से हमारे जिले के युवाओं के भविष्य को संवारने की दिशा में एक सशक्त माध्यम हैं। आजकल के युवाओं को शैक्षणिक योग्यता के साथ-साथ विभिन्न क्षेत्रों के लिए हुनर एवं दक्षता की भी जरूरत है। इस तरह की प्रतियोगिताएं और प्रशिक्षण कार्यक्रम के माध्यम से उन्हें आत्मनिर्भर बनने में मदद मिल रही है। उन्होंने इसके लिए कौशल विकास विभाग और लाइवलीहुड कॉलेज को इस आयोजन के लिए शुभकामनाएं दी।

इस दौरान कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे बिन्द्रानवागढ़ विधायक जनक राम ध्रुव ने कहा कि कौशल तिहार के माध्यम से युवाओं को न केवल आधुनिक तकनीकी प्रशिक्षण मिल रहा है, बल्कि उन्हें प्रतिस्पर्धात्मक माहौल में अपने कौशल को साबित करने का भी सुनहरा अवसर मिल रहा है। इस तरह के आयोजनों से युवाओं में आत्मविश्वास बढ़ेगा और वे रोजगार के बेहतर अवसरों के लिए तैयार हो सकेंगे। कौशल शिक्षा से बेरोजगारी की समस्या को कम किया जा सकता है। लोग अपने कौशल एवं हुनर के माध्यम से आत्मनिर्भर बन सकते है। इस दौरान जिला पंचायत के अध्यक्ष श्री गौरीशंकर कश्यप, जिला पंचायत सीईओ श्री जी.आर. मरकाम ने भी कार्यक्रम को सम्बोधित किया। इस अवसर पर अतिथियों ने कौशल प्रतियोगिता में जिला स्तर पर प्रथम, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले विभिन्न ट्रेडों के विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र एवं प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस दौरान जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती लालिमा ठाकुर, नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष रिखी राम यादव, उपाध्यक्ष आसिफ मेमन, जनपद पंचायत छुरा की अध्यक्ष मीरा ठाकुर, अनिल चन्द्राकर, आशीष शर्मा, अजय रोहरा, प्रीतम सिन्हा, चन्द्रशेखर साहू, स्थानीय जनप्रतिनिधि, कौशल विकास प्राधिकरण के सहायक संचालक सृष्टि मिश्रा एवं अंत्यावसायी के मुख्य कार्यपालन अधिकारी रश्मि गुप्ता सहित लाईवलीहुड कॉलेज के प्रशिणार्थीगण उपस्थित थे।




## ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने संगठन मजबूती के लिए नए मंडल-सेक्टर अध्यक्षों का किया गया चुनाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर



ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया है। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रूपेश साहू ने बताया कि अब मंडल और सेक्टर अध्यक्षों के साथ 20-20 सदस्यों की नई टीमें भी गठित की जाएंगी, जिससे जमीनी स्तर पर संगठन को मजबूती मिलेगी। उदयपुर संकल्प शिविर के आधार पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज के निर्देशानुसार और प्रथम पंचायत मंत्री अमितेश शुक्ल के आदेशानुसार, फिंगेश्वर मंडल और सेक्टर के पदाधिकारियों के चयन के लिए प्रभारी नियुक्त किए गए हैं। इसी क्रम में, सुंदर साहू को फिंगेश्वर सेक्टर का प्रभारी नियुक्त किया गया था। आज फिंगेश्वर विश्राम गृह में प्रभारी सुंदर साहू के मार्गदर्शन में एक बैठक आयोजित की गई, जिसमें मंडल और सेक्टर के नए पदाधिकारियों की नियुक्ति हेतु सर्वसम्मति से 20-20 नामों का चयन कर सूची प्रभारी को सौंपी गई। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रूपेश साहू, फिंगेश्वर सेक्टर प्रभारी सुंदर साहू, नगर पंचायत अध्यक्ष राजेंद्र सूर्यवंशी, ओमप्रकाश बंछोर, हरनारायण सूर्यवंशी, रामकृष्ण तिवारी, डोंगरसिंह मरकाम, कमल यदु, नत्थू कश्यप, टिकेश साहू, तेजेश यदु, मनोज सोनवानी, युवराज सिन्हा, बीशेलाल साहू, जेठू बंजारे, लक्ष्मण मांडले, छगन रात्रे, संतोष ठाकुर, संजीव यदु, विनोद ठाकु, संतलाल खूंटे, नाथू राम ध्रुव, देवानंद साहू सहित कई कांग्रेसी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## कांग्रेस के कार्यकर्ता ही संगठन की जान : सुखचंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला



ग्राम रसेला में ब्लाक कांग्रेस कमेटी छुरा का संगठनात्मक विस्तार हेतु ब्लाक प्रभारी सुखचंद बेसरा व अन्य पदाधिकारियों की उपस्थिति में रसेला मंडल सहित सेक्टर पदाधिकारी का चुनाव संपन्न हुआ। इस मौके पर ब्लाक प्रभारी सुखचंद बेसरा ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ताओं की पार्टी है। कार्यकर्ता संगठन की जान है। हम सब एकजुट होकर भाजपा को आने वाले विधानसभा चुनाव में हराना है। इसके लिए हम सब नवनिर्वाचित पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं अभी से कमर कस लें और पूरी जिम्मेदारी के साथ दायित्व का निर्वहन कर भाजपा के वादाखिलाफी को गांव गांव तक पहुंचाने का काम करें। इसी कड़ी में क्षेत्रीय विधायक जनक राम ध्रुव ने कहा कांग्रेस के कार्यकर्ता मेहनती हैं, संघर्षशील है। कांग्रेस के कार्यकर्ता किसी व्यक्ति के आधार पर काम नहीं करते बल्कि कांग्रेस के लिए समर्पण भाव से काम करते हैं। जिला महामंत्री चिराग अली ने कांग्रेस संगठन कार्यकताओं का कवच है और कार्यकर्ता धारदार हथियार है। भाजपा पार्टी के विरुद्ध उनके नाकामियों को उजागर करने के लिए पूरी तैयार करने की बात कही। इस दौरान ब्लाक के साथ रसेला मंडल के पदाधिकारी के साथ क्षेत्र के समस्त कांग्रेसी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम में मैनपुर और गरियाबंद विखं का उत्कृष्ट प्रदर्शन**

# नीति आयोग से मिला गोल्ड व सिल्वर मेडल, समर्पित कार्यों के लिए कर्मचारियों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

- गरियाबंद और मैनपुर को आकांक्षी ब्लॉक रैंकिंग में बड़ी सफलता

नीति आयोग द्वारा संचालित आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम के तहत गरियाबंद जिले के मैनपुर और गरियाबंद विकासखंडों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए क्रमशः गोल्ड और सिल्वर मेडल प्राप्त किया है। यह सम्मान स्वास्थ्य, शिक्षा, सुपोषण, कृषि, पेयजल और सामाजिक विकास जैसे महत्वपूर्ण बुनियादी क्षेत्रों में उनके उल्लेखनीय कार्यों के लिए प्रदान किया गया है। इस महत्वपूर्ण उपलब्धि का जश्न मनाने के लिए मंगलवार को जिला मुख्यालय गरियाबंद के गांधी मैदान स्थित मंगल भवन में एक भव्य सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर जिले के अधिकारियों और कर्मचारियों को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक रोहित साहू और जनक राम ध्रुव उपस्थित रहे। इनके साथ जिला पंचायत अध्यक्ष गौरीशंकर कश्यप, उपाध्यक्ष लालिमा ठाकुर, नगर पालिका अध्यक्ष रिखीराम यादव, उपाध्यक्ष आसिफ मेमन, कलेक्टर बीएस उइके और जिला पंचायत सीईओ बी. मरकाम सहित कई अन्य प्रशासनिक अधिकारी व कर्मचारी भी शामिल हुए।

**योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन-** जिला प्रशासन ने बताया कि नीति आयोग द्वारा जारी आकांक्षी ब्लॉकों की डेल्टा रैंकिंग में मैनपुर और गरियाबंद ने अपने प्रदर्शन से राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाई है। यह सफलता सभी विभागों के समन्वित प्रयासों का परिणाम है, जिसके कारण हितग्राहियों को योजनाओं का सीधा लाभ मिला और योजनाओं का सेचुरेशन (पूर्णता) हासिल किया गया। कृषि, स्वास्थ्य, पीएचई, महिला एवं बाल विकास, पशुपालन, लीड बैंक, एनआरएलएम और शिक्षा विभाग जैसे प्रमुख विभागों ने निरंतर परिश्रम और प्रतिबद्धता के साथ योजनाओं का क्रियान्वयन सुनिश्चित किया।



**भाजपा सरकार पिछड़े जनजाति के लोगों के विकास के लिए लगातार काम कर रही-** इस अवसर पर विधायक रोहित साहू ने अपने संबोधन में कहा कि यह उपलब्धि केवल प्रशासनिक नहीं, बल्कि सामूहिक विकास की प्रतिबद्धता का प्रतीक है। उन्होंने जोर दिया कि यदि इच्छाशक्ति और ईमानदारी से काम किया जाए, तो सबसे पिछड़ा क्षेत्र भी विकास के शिखर को छू सकता है। उन्होंने केंद्र और राज्य सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं की भी सराहना की। विधायक ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार आदिवासी और पिछड़े जनजाति के लोगों के विकास के लिए लगातार काम कर रही है, जिसमें शिक्षा, स्वास्थ्य और अन्य बुनियादी सुविधाओं का विस्तार शामिल है। उन्होंने गोल्ड और सिल्वर मेडल प्राप्त करने के लिए जिला प्रशासन और सभी अधिकारी-कर्मचारियों को बधाई दी। बिंद्रानवागढ़ विधायक जनक राम ध्रुव ने कहा कि मैनपुर और गरियाबंद जैसे दुर्गम क्षेत्रों में योजनाओं का सफल कार्यान्वयन पूरी टीम की मेहनत और समर्पण का परिणाम है। उन्होंने सभी को उनकी कड़ी मेहनत के लिए बधाई दी। कार्यक्रम में शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला बाल विकास, पंचायत सहित अन्य विभागों के कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर समाज के कई प्रबुद्ध नागरिकों ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई, जिनमें अनिल चंद्राकर, चंद्रशेखर साहू, आशीष शर्मा, प्रीतम सिन्हा, अमित वखारिया, सूरज सिन्हा और केशू सिन्हा प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

**समक्ष श्रीमान अनुविभागीय दण्डाधिकारी गरियाबंद जिला-गरियाबंद (छ.ग.)**

**:: शपथ-पत्र ::**

**शपथकर्ता**- मैं थानूराम पिता रामप्रसाद उम्र 42 वर्ष निवासी ग्राम-उर्तुली, पचांयत-जोबा, तहसील व जिला-गरियाबंद (छ.ग.) का निवासी हूँ मैं शपथ पूर्वक कथन करता हूँ कि-

1. यह कि मैं उपरोक्त वर्णित पते का स्थाई निवासी हूँ।
2. यह कि मुझ शपथकर्ता के पुत्र जिसका आधार क्रमांक 7312 6499 2136 उसका नाम पंचराम (**Panchram**) पिता थानूराम अंकित हैं।
3. यह कि मेरे पुत्र की अन्य शैक्षणिक दस्तावेजों में दीपांशु है।
4. यह कि मैं अपने पुत्र के आधार कार्ड में नाम पंचराम के स्थान पर नाम परिवर्तन कर दीपांशु (**Dipanshu**) पिता थानू राम अंकित कराना चाहता हूं।
5. यह कि मैं उपरोक्त नाम की भिन्नता को स्पष्ट करने एंव उपरोक्तानुसार मेरे पुत्र के आधार कार्ड में उसका नाम दीपांशु (**Dipanshu**) दर्ज करने के उद्देश्य से शपथ-पत्र प्रस्तुत कर रहा हूँ।

**शपथकर्ता**

**- सत्यापन -**

मैं उपरोक्त शपथकर्ता यह सत्यापित करता हूँ कि शपथ पत्र की कंडिका 1 से 5 तक में दी गयी सभी जानकारी मेरे ज्ञान एवं विश्वास से सही एवं सत्य है जिसे पढ़कर, समझकर, अपना हस्ताक्षर कर सत्यापित किया।

गरियाबंद (छ.ग.)
दिनांक :- 28.07.2025

**थानूराम**
**शपथकर्ता**

## खबर संक्षेप

### केशरी ध्रुव बनी भाजपा जिला उपाध्यक्ष



छुरा। पूर्व जिला पंचायत सदस्य केशरी ध्रुव को भाजपा जिला गरियाबंद के उपाध्यक्ष बनाये जाने पर हार्दिक बधाई शुभकामनाएँ। बधाई देने वाले रूप कुमारी चौधरी सांसद, रोहित साहू विधायक, चंदूलाल साहू पूर्व सांसद, चून्नीलाल साहू पूर्व सांसद, संतोष उपाध्याय पूर्व विधायक, अनिल चंद्राकर जिलाध्यक्ष, राजेश साहू पूर्व जिलाध्यक्ष, लेखराज ध्रुवा जिला पंचायत सदस्य, लुकेश्वरी निषाद अध्यक्ष नगर पंचायत छुरा, रिखीराम यादव अध्यक्ष नगर पालिका गरियाबंद, खोमन चंद्राकर अध्यक्ष भाजपा मंडल छुरा, चित्ररेखा ध्रुव पार्षद, रामलाल कुलदीप महामंत्री, तोकेश्वरी मांझी पूर्व जनपद अध्यक्ष पीलू राम यादव पूर्व मंडल अध्यक्ष, लोकेश चंद्राकर, कैलाश साहू, वेद राम नंदे, भानु साहू, भरत साहू, मलेवांचल से शिवशंकर जायसवाल मंडल अध्यक्ष मलेवांचल, नारायण ठाकुर, कृष्णा गुप्ता, थानेश्वर कंवर, झंवर अग्रवाल, देवेश ठाकुर, ईश्वर वर्मा एवं समस्त भाजपा कार्यकर्ता गण।

### नुरमति मांझी भाजपा जिला मंत्री नियुक्त



मैनपुर। भाजपा के वरिष्ठ नेता जनपद पंचायत मैनपुर के पूर्व अध्यक्ष श्रीमति नुरमति मांझी को भाजपा जिला गरियाबंद के जिला मंत्री नियुक्त किया गया है नुरमति मांझी को जिला मंत्री नियुक्त करने पर भाजपा कार्यकर्ताओं में उत्साह देखने को मिल रहा है। श्रीमति नुरमति मांझी ने कहा संगठन जो उन्हे जिम्मेदारी दिया है उसमें पूरी तरह खरा उतरने का प्रयास करूंगी। पार्टी को पहले से अधिक मजबुत करने के लिए कार्य किया जायेगा। उन्होने इसके लिए प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंहदेव, प्रदेश महामंत्री पवन साय एवं गरियाबंद जिला अध्यक्ष अनिल चंद्राकर के प्रति आभार व्यक्त किया है।

### तुलसी जयंती पर परिचर्चा कल

महासमुंद। साहित्य समिति आस्था के संयोजन में तुलसी जयंती पर परिचर्चा-तुलसी साहित्य में लोक मंगल का आयोजन 31 को अपरान्ह 3 बजे स्थानीय वृंदावन विद्यालय (पुराना भवन) में किया गया है।

**पर्व : बच्चों ने बोल बम के जयकारों के साथ भगवान भोलेनाथ की कांवड़ यात्रा निकाली**

# नागपंचमी पर्व पर बालभक्तों ने अर्पित की आस्था कांवड़ यात्रा में दिखा नन्हे कदमों का बड़ा समर्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

जिले में नागपंचमी के अवसर पर शिशु वाटिका विद्यालय के बच्चों ने बोल बम के जयकारों के साथ भगवान भोलेनाथ की कांवड़ यात्रा निकाली। इस आयोजन का उद्देश्य बच्चों में सनातन संस्कृति और आध्यात्म के प्रति आस्था जगाना था।

बच्चों ने पारंपरिक वेशभूषा में सजे होकर अपने कंधों पर कांवड़ उठाई और स्कूल से तहसील कार्यालय परिसर स्थित भोलेनाथ मंदिर तक यात्रा की। रास्ते में बच्चों ने भोलेनाथ की स्तुति गाई और शिव-पार्वती की झांकियां प्रस्तुत कीं। विद्यालय की दीदियों ने बताया कि ऐसे आयोजन बच्चों में ईश्वर के प्रति आस्था के साथ-साथ भारतीय संस्कृति और परंपरा की गहरी समझ विकसित करते हैं। भोलेबाबा के मंदिर पहुंचकर बच्चों, शिक्षकों और समिति सदस्यों ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ भगवान शिव का जलाभिषेक किया। बच्चों ने हाथ जोड़कर भोलेनाथ से आशीर्वाद मांगा और देश-दुनिया की सुख-शांति की कामना की। इस अवसर पर भूतेश्वर नाथ बाल संस्कार समिति के अध्यक्ष लोकनाथ साहू, उपाध्यक्ष ताकेश्वरी (तनु) साहू, विद्यालय के आचार्यगण, शिक्षिकाएं, आया दीदी, अभिभावक और गणमान्य नागरिक भी मौजूद रहे. सभी ने बच्चों की शिवभक्ति और आयोजन की सादगीपूर्ण गरिमा की सराहना की।



### संस्कारों की महत्ता पर जोर

लोकनाथ साहू ने अपने उद्बोधन में कहा की बालमन में भक्ति और संस्कार का बीज जितना जल्दी बोया जाए, उतना ही समाज का भविष्य उज्जवल होता है। भोलेनाथ की भक्ति बच्चों को अनुशासन, श्रद्धा और सेवा भाव सिखाती है। तनु साहू ने कहा की इन नन्हें बच्चों के मन में यदि भक्ति और संस्कार का बीज आज पड़ जाए, तो यही पीढ़ी आगे चलकर समाज को दिशा देगी। शिव की उपासना केवल कर्मकांड नहीं, आत्मनियंत्रण, संयम और सेवा का प्रतीक है। यह आयोजन केवल त्योहार मनाने तक ही सीमित नहीं था, बल्कि इसके माध्यम से विद्यार्थियों को कर्तव्य, अनुशासन और परंपरा के मूलभूत भाव भी सिखाए गए। आयोजन के समापन पर सभी बच्चों को प्रसाद वितरित किया गया. यह पहल दर्शाती है कि शिक्षा के साथ संस्कार जुड़ जाएं, तो भावी पीढ़ी न केवल बुद्धिमान, बल्कि संस्कृति-संपन्न भी बनती है।

### मैनपुर में नागपंचमी का पर्व धूमधाम से मनाया गया



मैनपुर। मैनपुर विकासखंड के झरगांव तेतलपारा में नागपंचमी का पर्व बड़े ही धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाया गया. इस अवसर पर ग्रामीणों द्वारा एक भव्य कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। नाग देवता की पूजा-अर्चना के लिए भक्तों ने जलाभिषेक किया और फूल व दूध अर्पित कर अपनी श्रद्धा व्यक्त की। इसके साथ ही, नाग देवता को प्रसन्न करने और उनका आशीर्वाद प्राप्त करने के लिए नाग मंत्रों का जाप भी किया गया। इस धार्मिक आयोजन में झरगांव तेतलपारा के बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे, जिन्होंने एक साथ मिलकर नागपंचमी के पावन अवसर को मनाया।

### नाग पंचमी पूजा धार्मिक आस्था का प्रतीक है



फिंगेश्वर। भारत पर्वों की विविधता का देश है, और इन्हीं में से एक महत्वपूर्ण पर्व नाग पंचमी है। इसी कड़ी में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिजली में नाग पंचमी का पर्व बड़े ही हर्षोल्लास और पारंपरिक श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य, समस्त शिक्षकों और छात्र-छात्राओं ने मिलकर नाग देवता की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। प्राचार्य पूरन लाल साहू ने इस दौरान नाग पंचमी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह पूजा केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक नहीं है, बल्कि नागदेव पर्यावरण को संतुलित रखने में अत्यंत उपयोगी हैं। उन्होंने बताया कि नाग नाइट्रोजन चक्र को संतुलित करने में किसानों की सहायता करते हैं और खेतों में रहकर अन्य जीव-जंतुओं को फसल बर्बाद करने से रोकते हैं। इस प्रकार, नाग किसानों के सच्चे मित्र हैं और अनाज व पर्यावरण को सुरक्षित रखने में उनका सबसे बड़ा योगदान होता है। व्याख्याता दिनेश कुमार साहू ने बताया कि नाग पंचमी का पर्व प्रतिवर्ष सावन मास के शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि को मनाया जाता है, और हमें सच्चे मन से नाग देवता की पूजा अर्चना करनी चाहिए।कार्यक्रम का सफल संचालन विद्यालय की छात्रा हसीना निषाद (कक्षा बारहवीं) ने किया। इस अवसर पर प्राचार्य पूरन लाल साहू सहित व्याख्याता दिनेश कुमार साहू, नरेंद्र कुमार वर्मा, योगेश सोनकर, नकुल राम साहू, रुद्र प्रताप साहू, दुष्यंत कुमार साहू, तोमन राम साहू, कीर्ति निषाद एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## कांग्रेस कमेटी का नए सिरे से होगा गठन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद



प्रदेश कांग्रेस कमेटी अब बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत करने के लिए नए सिरे से जवाबदेही तय करने जा रही है। इसी क्रम में पीसीसी द्वारा नियुक्त शहर कांग्रेस प्रभारी संजय नेताम ने आज गरियाबंद में शहर कांग्रेस की बैठक ली। बैठक में सेक्टरों को मंडल में परिवर्तित करने की रूपरेखा तैयार की गई। शहर में मौजूद 10 बूथों को दो सेक्टरों में बांटा गया है, और अब दो सेक्टरों को मिलाकर एक मंडल बनाया जा रहा है। यह नई संरचना भाजपा के संगठन ढांचे की तर्ज पर गठित की जा रही है, ताकि समन्वय स्थापित कर जवाबदारियां स्पष्ट की जा सकें। पहले शहर में केवल एक सेक्टर था, लेकिन अब दो सेक्टर बनाए गए हैं ताकि ज्यादा से ज्यादा चेहरों को पदभार देकर संगठन में बेहतर समन्वय स्थापित किया जा सके। शहर प्रभारी संजय नेताम की मौजूदगी में हुई इस बैठक में उन जवाबदारियों के नामों पर भी रायशुमारी की गई। तय नामों की सूची प्रभारी द्वारा कल जिला प्रभारी धनेन्द्र साहू को सौंपी जाएगी, जिसके बाद PCC से अंतिम मुहर लगेगी। इस बैठक में शहर अध्यक्ष प्रेम सोनवानी, पार्षद छगन यादव, वरिष्ठ नेता राजेश साहू, मुकेश रामटेक, योगेश बघेल, अवध राम यादव, प्रतिभा पटेल, मुकेश भोई, सविता गिरी, गुरनुर कुकरेजा, सुमन देवांगन, प्रियांशु निराला, प्रेम यादव, टंकेश्वर, उत्तम यादव, ओम सोनी, डिलेश्वर देवांगन, रमेश मेश्राम, सन्नी मेमन, रमन सिंह, सेवाराम गुप्ता, खोवा लाल सिन्हा, सुरजीत कुटारे, मुकेश पांडेय, अंजोर ध्रुव, पार्वती ध्रुव, गणेश राम, समेत बड़ी संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ता मौजूद थे।

## अजय रोहरा बने भाजपा जिला कोषाध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) छत्तीसगढ़ में संगठनात्मक मजबूती के लिए लगातार कदम उठा रही है। इसी कड़ी में, गरियाबंद के कर्मठ और समर्पित कार्यकर्ता अजय रोहरा को भाजपा जिला कोषाध्यक्ष का महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा गया है। यह नियुक्ति प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, प्रदेश संगठन महामंत्री पवन कुमार साय और जिला अध्यक्ष अनिल चंद्राकर के अनुमोदन के बाद की गई है।

नव-नियुक्त जिला कोषाध्यक्ष अजय रोहरा ने पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के प्रति गहरा आभार व्यक्त किया। उन्होंने इस जिम्मेदारी को अपने लिए गर्व और संकल्प का विषय



### संगठन को मजबूत करने का लिया संकल्प

बताया। रोहरा ने कहा, मैं इस दायित्व को पूरी निष्ठा, ईमानदारी और संगठन के प्रति समर्पण भाव से निभाऊंगा।अजय रोहरा ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, क्षेत्रीय संगठन मंत्री अजय जामवाल, प्रदेश महामंत्री जगदीश रामू रोहरा, सांसद रूपकुमारी चौधरी, विधायक रोहित साहू, पूर्व सांसद चंदूलाल साहू, पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय और खाद्य आयोग अध्यक्ष संदीप शर्मा सहित सभी वरिष्ठ नेताओं का विशेष आभार प्रकट किया। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि यह दायित्व सिर्फ एक पद नहीं, बल्कि संगठन के प्रति उनकी जवाबदेही को और मजबूत करता है। उन्होंने सभी नव-नियुक्त पदाधिकारियों को भी हार्दिक बधाई और शुभकामनाएँ दीं। अजय रोहरा ने स्पष्ट किया कि वह संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक मजबूत बनाने, कार्यकर्ताओं को जोड़ने और केंद्र व राज्य नेतृत्व की नीतियों को जन-जन तक पहुँचाने का कार्य पूरी प्रतिबद्धता से करेंगे। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि /"हम सभी मिलकर भाजपा जिला संगठन को नई ऊँचाइयों पर पहुँचाएँगे और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'विकसित भारत' के संकल्प को मूर्त रूप देने में पूरी शक्ति झोंकेंगे। उनकी नियुक्ति से गरियाबंद जिले में भाजपा के संगठन को और अधिक गति मिलने की उम्मीद है।

## छुरा में निकली पंचकोसी कांवड़ यात्रा, बच्चों की झांकी आकर्षण का केंद्र रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

श्रावण माह के तीसरे सोमवार को छुरा नगर में एक भव्य और ऐतिहासिक 'पंचकोशी धाम' कावड़ यात्रा धूमधाम से निकाली गई। इस यात्रा में नगर के बड़े, बच्चे, बुजुर्ग और युवा सभी ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया, जिससे एक उत्सवपूर्ण माहौल बन गया। कावड़ यात्रा की शुरुआत नगर के एनीकट से हुई, जहाँ बड़ी संख्या में श्रद्धालु एकत्रित हुए। यहां से नदी जल लेकर, गाजे-बाजे के साथ झूमते-नाचते हुए भक्तगण आगे बढ़े। इस यात्रा को छुरा नगर के पांच शिवलिंगों, जिन्हें पंचकोशी धाम का नया स्वरूप दिया गया है, पर जल अर्पित कर एक ऐतिहासिक रूप दिया गया।

**आकर्षण का केंद्र बनी झांकियां और उत्साह**–इस कावड़ यात्रा का मुख्य आकर्षण सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय छुरा के बच्चों द्वारा सजाई गई सुंदर शिव-पार्वती की झांकी रही। बाजे-गाजे के



साथ भजन-कीर्तन करते हुए पूरे नगर में हर हर महादेव के जयघोष गूंज उठे। बच्चों ने पार्थिव शिवलिंग बनाकर थालियों में सजाकर यात्रा में सबसे आगे पूरे नगर का भ्रमण किया, जिससे यह दृश्य और भी मनोहारी हो गया। विद्यालय के सभी भैया-बहनों, आचार्यों और दीदियों ने भी इस कार्यक्रम में बड़े उत्साह के साथ भाग लिया।

**नेतृत्व और आगामी योजना**– इस ऐतिहासिक कावड़ यात्रा को सफल बनाने में नगर पंचायत अध्यक्ष लोकेश्वरी निषाद और नगर पंचायत के समस्त पार्षदगण तथा सभापतियों की अहम भूमिका रही। विद्यालय के प्राचार्य संतोष कुमार वर्मा सहित सभी लोगों ने अपना योगदान दिया। आयोजकों ने बताया कि यह पंचकोशी धाम कावड़ यात्रा' का प्रथम वर्ष था, और अब से प्रतिवर्ष इसे और भी भव्यता के साथ संपन्न किया जाएगा।



### यात्रा का मार्ग

1. *नदी के पास स्थित भगवान शिव मंदिर*
2. *मामूली पारा का प्राचीन शिव मंदिर*
3. *थाना छुरा स्थित शिव मंदिर*
4. *शिव चौक का भगवान शिव मंदिर*
5. *मानस मंदिर परिसर का शिवलिंग (अंतिम पड़ाव)*

रायपुर के सुपर स्पेशलिस्ट डॉक्टर से मिलिए
31 जुलाई दिन गुरूवार, कुलेश्वर मेडिकल
सरकारी अस्पताल के पास, श्यामाचरण चौक, राजिम
लकवा (स्ट्रोक) गठियावात (अर्थराइटिस), नशो में दर्द (न्यूरोपैथी)
जोड़ो पर दर्द, अकड़न, झुनझुनी, जलन, शून्यपन का संपूर्ण निदान
L4-L5 नशों में दबाव के कारण
• रीढ़ की हड्डी पर दर्द, अकड़न, चलने पर दर्द बढ़ना, झुनझुनी, दाये और बाये पाव पर दर्द रहना।
घुटना दर्द
• घुटने पर सूजन, ज्यादा चलने और बैठकर उठने में दर्द।
• कट-कट की आवाज, लिक्विड कम होना हड्डी में गैप होना।
शुगर के कारण पाव के तलवो पर जलन, झुनझुनी, दर्द का संपूर्ण निदान
विशेष चिकित्सा
मूत्र रोग (प्रोस्ट्रेट, पेशाब नली की सिकुड़न)
क्या आपके मूत्र मार्ग में जलन, दर्द बार-बार पेशाब जाने की इच्छा होती है क्या?
पाईल्स, भंगदर, फिशर, गुदा मार्ग में जलन, दर्द, (मवाद आना)
चर्म रोग : खूजली, फंगल इंफेक्शन, सफेद दाग
असुविधा से बचने के लिए अग्रिम रजिस्ट्रेशन करायें, समय : सुबह 10:30 से 4 बजे तक
जर्मन दवाईयों पर 20% की छूट
Dr Lal PathLabs से खून जांच पर 60% की छूट
मिरैकल्स होम्योपैथी
प्रो. डॉ. ए.के. चौरसिया एम.डी., (होम्योपैथी मेडिसिन) | डॉ. एस. चौरसिया एम.एस., (पाईल्स रोग विशेषज्ञ)
8982316464, 9630634468
स्थाई - पता कटोरा तालाब नेताजी चौक रायपुर

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 18,500/-
15 दिन
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री
श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
श्री त्रियुगीनारायण-(भगवान शिव व माता पार्वती का विवाह स्थल)
श्री तुंगनाथ महादेव- (विश्व का सर्वोच्च शिव मंदिर-चंद्रशिला चोटी के पास)
4 सितंबर, 15 सितंबर, 22 सितंबर, 27 सितंबर, 3 अक्टूबर 2025, 2 मई 2026
अन्य दर्शन- काशीविश्वनाथ, पंच प्रयाग दर्शन, (विष्णुप्रयाग, नंदप्रयाग, कर्णप्रयाग, रुद्रप्रयाग, देवप्रयाग) माना गांव-भारत का अंतिम गांव, धारी देवी, चोपता
राशि:-स्लीपर-18,500/-, 3 एसी- 25,500/-, 2 एसी- 30,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

## सीआरपीएफ जवान का हुआ भव्य स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोपरा/गरियाबंद



सीआरपीएफ में चयनित होकर ट्रेनिंग पूरी करने के बाद जब जवान अजय पटेल पहली बार अपने गृहग्राम कोपरा लौटे, तो नगरवासियों ने उनका भव्य स्वागत किया। महामाया स्पोर्ट्स क्लब एवं स्थानीय नागरिकों ने गाजे-बाजे, आतिशबाज़ी और डीजे की धुन पर उनका जोशीला स्वागत किया।

गड़ाही चौक निवासी अजय पटेल का चयन सीआरपीएफ में हुआ था, जिसके बाद वे ट्रेनिंग के लिए अमेठी (उत्तरप्रदेश) गए थे। जैसे ही उनके घर लौटने की खबर फैली, पूरे नगर में उत्साह की लहर दौड़ गई और लोग सड़कों पर उनका स्वागत करने उमड़ पड़े। स्वागत के दौरान जगह-जगह उन्हें रोककर श्रीफल भेंट, तिलक लगाकर सम्मानित किया गया। पूरा गांव देशभक्ति के माहौल में रंगा नजर आया। इस मौके पर अजय पटेल के माता-पिता ओमप्रकाश पटेल और उनकी माता भावुक हो उठे। उन्होंने कहा कि यह पल उनके लिए गौरव और खुशी का क्षण है। पूर्व सरपंच और महामाया स्पोर्ट्स क्लब के सदस्य सूरज सिंह दाऊ ने कहा की अजय की यह उपलब्धि पूरे नगर के लिए गर्व की बात है। इससे क्षेत्र के युवाओं को भी प्रेरणा मिलेगी कि मेहनत और संकल्प से देश सेवा का सपना साकार किया जा सकता है।

इस दौरान नगर के कई गणमान्य नागरिक और युवा भी मौजूद रहे, जिनमें महामाया स्पोर्ट्स क्लब के मोहन यादव, पीयूष पटेल, वासुदेव तारक, दीपक सेन, खिलेश तारक, मिथुन ध्रुव, उज्ज्वल सेन, गगन सोनी, योगेश कौशल, ओमेश सिन्हा, बोगेन्द्र सिन्हा, केशव निषाद सहित बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित रहे। यह आयोजन सिर्फ एक स्वागत नहीं बल्कि युवाओं में राष्ट्रभक्ति और सेवा भावना को जागृत करने वाला प्रेरणादायी पल बन गया।